# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 16 जुलाई।** देश में बढ़ती मंहगाई के विरूद्ध तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की माँग को लेकर आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर के अल्बर्ट हॉल से जवाहर लाल नेहरू मार्ग गाँधी सर्किल तक साईकिल यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, जनप्रतिनिधिगण एवं कांग्रेस पदाधिकारियों सहित प्रमुख कांग्रेस नेताओं ने 5 किलोमीटर की साईकिल यात्रा निकालकर केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बढ़ती मंहगाई एवं पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

जयपुर में साईकिल यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा अल्बर्ट हॉल स्थित भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर साईकिल यात्रा प्रारम्भ की गई तथा यात्रा के समापन पर गाँधी सर्किल स्थित महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

यात्रा के पश्चात् कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश की जनता पहले से ही त्रस्त है, लोगों की नौकरियां चली गई, रोजगार खत्म हो गये, आय में कमी हो रही है, उसके बावजूद केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में लगातार मंहगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 145 से 150 डॉलर प्रति बैरल थे उस वक्त भी देश में पेट्रोल 50 से 55 रूपये प्रति लीटर में बिक रहा था, किन्तु आज अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 50 से 55 डॉलर प्रति बैरल हो गई है उसके बावजूद पेट्रोल की कीमत 100 रूपये प्रति लीटर से अधिक तथा डीजल की कीमत 100 रूपये प्रति

लीटर के नजदीक पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि रसाई गैस जो 400 में उपलब्ध थी आज सिलेण्डर की कीमत 830 रूपये पर पहुंच गई है। इसी प्रकार खाद्यान्न दाल एवं खाद्य तेलों की कीमतों में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हो गई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल एवं रसाई गैस, खाद्यान्न दाल, खाद्य तेल, चावल, चीनी के दामों में बढ़ोत्तरी कर केन्द्र सरकार ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। आज देश का नागरिक बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पालन पोषण कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के काल के दौरान भी केन्द्र सरकार आम जनता को राहत प्रदान करने की बजाए पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी कर आमजनता को लूटने का कार्य कर रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है तथा जनता ने आगामी आम चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। राजस्थान प्रदेश में भाजपा किसी भी मुद्दे पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में विफल रही है। राजस्थान की जनता के लिये केन्द्र सरकार से लोक कल्याणकारी योजना लाने में भाजपा के नेता एवं चुने हुए 25 सांसद असफल रहे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। केन्द्र की भाजपा सरकार ने जनता से किये हुए एक भी वादे को पूर्ण नहीं किया है। केन्द्र सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है तथा देश में बढ़ती मंहगाई पर अंकुश लगाने में असफल रही है। देश का युवा, किसान, व्यापारी तथा आम जनता केन्द्र सरकार की गलत नीतियों एवं हठधर्मिता के कारण परेशान है जिस कारण आम जनता की आवाज को केन्द्र सरकार तक पहुँचाने तथा केन्द्र सरकार को नींद से जगाने के लिये कांग्रेस पार्टी द्वारा मंहगाई के विरूद्ध एवं पेट्रोल-डीजल तथा रसोई गैस के दामों में कमी कराने की मांग को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जब तक केन्द्र सरकार देश में मंहगाई पर अंकुश नहीं लगाती तथा पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी नहीं करेगी तब तक आम जनता के हितों की रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनता के दु:खों एवं तकलीफों को दूर करने की बजाए आपसी एवं अंदरूनी लड़ाई में व्यस्त है। मोदी जी उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाना चाहते हैं, योगी जी ने अपने पोस्टरों से मोदी जी को हटा दिया तथा ऊपरी दिखावा आपसी समन्वय का करते हैं, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार की वास्तविकता आमजन के समक्ष प्रकट हो चुकी है तथा

भाजपा एवं मोदी जी आम जनता के मध्य अपना विश्वास खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस संकट के समय में आशा भरी निगाहों से कांग्रेस की ओर देख रही है तथा कांग्रेस पार्टी आमजन के लिये उनके हितों की रक्षा के लिये हर तरह से संघर्ष करने को तैयार एवं तत्पर है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में आज निकाली गई साईकिल यात्रा में प्रमुख रूप से मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास, श्री लालचंद कटारिया, श्री सालेह मोहम्मद, राज्यमंत्री श्री राजेन्द्र यादव, श्री भजनलाल जाटव, श्री टीकाराम जूली, विधायक श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री संयम लोढ़ा, श्री गोपाल मीणा, श्री आलोक बेनीवाल, श्रीमती कृष्णा पूनियां, श्री रफीक खान, श्री चेतन डूडी, श्री मनोज मेघवाल, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, सचिव श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री जसवंत गुर्जर, श्री भूराराम सीरवी, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री गणेश घोघरा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत, पूर्व महापौर श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री मुमताज मसीह, श्री सुरेश चौधरी, श्री सीताराम अग्रवाल, श्री आर. सी. चौधरी, श्री के. के. हरितवाल, श्री मोहन डागर, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी शामिल थे।

देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल–डीजल एवं रसोई गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत् कल दिनांक 17 जुलाई को प्रातः 10 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया जायेगा।

------------